# सब का सपना

Tittle Code :-UPHIN 51223

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र




वर्ष–01 अंक–12–13 संयुक्त अंक अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 22 जनवरी से 04 फरवरी 2024 पेज–08 मूल्य 5 रूपये


जरूर पढ़ें

## उज्जैन में सरदार पटेल की मूर्ति पर भीड़ का हमला, बवाल

**उज्जैन** : माकड़ोन में दो महापुरुषों की मूर्ति को लेकर बवाल हो गया है। सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर एक पक्ष ने हमला करके गिरा दिया जो यहां बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाना चाहते थे। इसके बाद पटेल और आंबेडकर समर्थकों में जमकर बवाल हुआ। पत्थरबाजी और आगजनी की गई। पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है।

उज्जैन जिले की तहसील माकड़ौन में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति को ट्रैक्टर चला कर गिरा दिया गया। इसके बाद दो पक्ष आमने–सामने हो गए। जमकर पथराव हुआ। इस दौरान दुकानों और वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। एडिशनल एसपी नितेश भार्गव के साथ उज्जैन और तराना के साथ माकड़ौन पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

## इमोशनल मंत्रिमंडल, भावुक हो गए मोदी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित कर अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा रखे गए इस प्रस्ताव का पूरे मंत्रिमंडल ने समर्थन किया। प्रस्ताव में मोदी को नव युग परिवर्तक बताते हुए कहा कि उन्होंने लोगों का सदियों पुराना सपना पूरा किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जैसे ही मंत्रिमंडल की बैठक शुरू हुई, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सहयोगी मंत्रियों की ओर से एक प्रस्ताव पेश किया।

# भारत करेगा दुनिया की रक्षा, अब ब्रह्मोस मिसाइलें भी होंगी एक्सपोर्ट

## बीते साल ही भारत ने 16 हजार करोड़ के हथियार बेचे थे ऐसा पहली बार हुआ था

नई दिल्ली, एजेंसियां




भारत दुनिया में मेडिकल उपकरण, राशन समेत तमाम चीजों के एक्सपोर्ट के बाद अब ब्रह्मोस मिसाइलों जैसे उत्कृष्ट हथियार सिस्टम भी बेचेगा। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी. कामत ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि भारत अगले 10 दिनों में ही ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का ग्राउंड सिस्टम एक्सपोर्ट करना शुरू कर देगा। इसके बाद क्रूज मिसाइलों का भी निर्यात इसी साल मार्च से शुरू होना है। उन्होंने बताया कि हमने फिलीपींस को कई हथियार एक्सपोर्ट किए हैं। अब कुछ और देश भी इसके निर्यात की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 दिनों के अंदर ही हम ब्रह्मोस का ग्राउंड सिस्टम फिलीपींस भेज देंगे। इसके बाद मार्च तक मिसाइलें भी भेजी जाएंगी। समीर कामत ने कहा, 'करीब 4.94 लाख करोड़ रुपये के डीआरडीओ के उत्पादों के लिए रुचि दिखाई गई है। पहले के मुकाबले हमें कहीं ज्यादा ऑर्डर मिले हैं और तेजी से प्रोग्रेस हो रही है। बीते 5 सालों के मुकाबले तेजी से इस संख्या में इजाफा हुआ है। मेरा अनुमान है कि अब तक हुए कुल एक्सपोर्ट में से करीब 70 फीसदी हथियार पिछले 5 से 7 सालों में ही निर्यात किए गए हैं।'डॉ. समीर कामत ने कहा कि अगले कुछ सालों में हमारे तमाम हथियार विदेशी सेनाओं में होंगे। इसके अलावा आकाश मिसाइलें, अर्जुन टैंक, लाइट एयरक्राफ्ट जैसे तमाम रक्षा उपकरणों को भी निर्यात किया जाएगा। इनके लिए भी कई देशों ने दिलचस्पी दिखाई है। गौरतलब है कि भारत पहले ही अर्मेनिया जैसे देशों को हथियार निर्यात कर रहा है। यह भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी छलांग की तरह है, जो अब तक अपनी जरूरतों के लिए भी आयात करता था। अब उसके उलट बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट करना सफलता है।

> भारत ने 2023 में भी डिफेंस एक्सपोर्ट में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। भारत ने दुनिया के देशों को करीब 16 हजार करोड़ रुपये की कीमत के हथियार बेचे थे। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इससे पहले 2022 में भी 13 हजार करोड़ रुपये के हथियारों का सौदा हुआ था। भारत में डिफेंस प्रोडक्शन भी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये का डिफेंस प्रोडक्शन हुआ है।

बता दें कि भारत ने 2023 में भी डिफेंस एक्सपोर्ट में सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। भारत ने दुनिया के देशों को करीब 16 हजार करोड़ रुपये की कीमत के हथियार बेचे थे। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इससे पहले 2022 में भी 13 हजार करोड़ रुपये के हथियारों का सौदा हुआ था। भारत में डिफेंस प्रोडक्शन भी ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में पहली बार 1 लाख करोड़ रुपये का डिफेंस प्रोडक्शन हुआ है।

## अफसर है या कुबेर! अब तक छापे में मिली 100 करोड़

हैदराबाद, एजेंसियां



तेलंगाना के एक अधिकारी के घर छापा मारने पहुंची अउइ यानी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम के हाथ बुधवार को खजाना लग गया। खबर है कि तेलंगाना स्टेट रियल एस्टेट मैनेजमेंट अथॉरिटी **(TSRERA)** के सचिव शिव बालकृष्ण के पास 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय से अधिक संपत्ति मिली है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि जांच गुरुवार को भी जारी रह सकती है। सवाल है कि आखिर धन का पहाड़ आखिर कैसे खड़ा कर दिया।

अधिकारियों को तलाशी के दौरान सोना, फ्लैट्स, बैंक डिपॉजिट और बेनामी संपत्ति मिली है। इनकी कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। जब्त की गई चीजों में 40 लाख रुपये नगद, 2 किलो सोने की ज्वैलरी, 60 महंगी घड़ियां, संपत्ति के दस्तावेज, बड़े बैंक डिपॉजिट, 14 मोबाइल फोन, 10 लैपटॉप और कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स शामिल हैं।

बुधवार सुबह करीब 5 बजे शुरू हुई जांच के दौरान अधिकारियों ने बालकृष्ण के रिश्तेदारों के आवास और दफ्तरों पर भी दबिश दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अउइ को शुरुआती जांच में पता चला है कि बालकृष्ण ने कई रियल ऐस्टेट कंपनियों को कथित तौर पर परमिट दिलाकर करोड़ रुपये बनाए हैं।अधिकारियों ने गुरुवार को भी रेड जारी रहने के संकेत दे दिए हैं। बालकृष्ण के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि ळरफएफ्अ अधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग कर इतनी संपत्ति जुटाई है। फिलहाल, जांच एजेंसी बालकृष्ण के बैंक लॉकर और दूसरी अघोषित संपत्तियों की जांच भी कर रही है। इससे पहले बालकृष्ण हैदराबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी **(HMDA)** के निदेशक भी रह चुके हैं। बीते साल दिसंबर में आयकर विभाग ने कांग्रेस नेता धीरज साहू के भाई के ओडिशा के बालनगीर में ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान जांच में 300 करोड़ रुपये से ज्यादा नगद मिला था। अक्टूबर में आयकर विभाग बेंगलुरु में कई जगहों पर रेड कर 42 करोड़ रुपये का पता लगाया था। यह फ्लैट **BBMP** कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष आर अंबिकापति से जुड़े थे।

## एक भक्त ऐसा भी! रामलला को दिया 68,0000000 रुपए का सोना

नई दिल्ली, एजेंसियां

अयोध्या के राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देशभर से भक्तों का सैलाब अवध की ओर चल पड़ा है। शुरुआती दो दिनों में ही 7 लाख से अधिक भक्तों ने रामलला के दर्शन किए तो तीन करोड़ से अधिक का चढ़ावा आ चुका है।

शुरुआती आकलन के मुताबिक राममंदिर में देश के अन्य सभी मंदिरों के मुकाबले भक्त सबसे अधिक दान कर रहे हैं। दानवीर भक्तों में दिलिप कुमार वी लाखी की भी खूब चर्चा हो रही है।



दिलिप वी लाखी ने राममंदिर को 101 किलो सोना दान किया है। सूरत के इस हीरा कारोबारी की चर्चा यूं तो देश के टॉप अमीरों में नहीं होती, लेकिन रामंदिर को दिए गए दान के बाद वह सुर्खियों में हैं। लाखी ने राममंदिर में 14 स्वर्ण द्वार, गर्भगृह और त्रिशूल, डमरू और खंभों को स्वर्ण जरित करने के लिए 101 सोना दान किया।






















# ट्रैफिक के नियमों के साथ खिलवाड़ न हो: जिलाधिकारी



**अमरोहा।** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पूर्व में हुई बैठक मे दिये गये निर्देश के अनुपालन की समीक्षा करने पर पाया कि अधिशासी अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 को जो मुख्य रोड पर विद्यालय है उन पर स्पीड ब्रेकर, रम्पल स्ट्रिप, रोड साईनेज़ लगाया जाये किन्तु न लगाये जाने के कारण कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये फटकार लगाई। कहा कि ऐसे विद्यालयो का चिन्हांकन कर प्राथमिकता के साथ कार्य कराये जाये। राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबन्धक को पूर्व मे दिये गये निर्देश के क्रम में कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैमरे लगवाये जाये किन्तु कार्य न हो पाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र ही कार्य को कराये जाने तक निर्देश दिये।

उन्होनें कहा कि कि सभी आवश्यक जगहों पर रिफ्लेक्टर लगवाया जाए उसके साथ–साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट और ब्लैक स्पॉट बंद किए जाएं जहां पर आवश्यक हो वहां पर कट भी बनाया जाए। अधिशासी अधिकारी न0पा0प0 अमरोहा को निर्देशित करते हुये कहा कि शहर में बाजार में रेहड़ी पटरी, ठेले लगाये जाने के लिये अलग से वेन्डर जोन बनाया जाये ताकि बाजार में अनावश्यक भीड़ एकत्र न हो सके और कुशलतापूर्वक बाजार लग सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई भी खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए यह उनके जीवन से संबंधित है अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर बिना सीट बेल्ट, हेलमेट वाहन चलाने पर कार्यवाही की जाये। निर्धारित सीमा में वाहन न चलाने वाले चालको के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही हो। सड़क सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिये अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करें। जनपद में जो भी अनरजिस्टर्ड और एक्पायर रजिस्टेज्शन वाले वाहन चल रहे हैं सघन चेकिंग कर पकड़ा जाये उन्हें बन्द कराया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकार (न्यायिक) मायाशंकर, अधिशासी अभियंता पी0डब्ल्यू0डी0, संभागीय परिवहन अधिकारी जी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिसकर्मियों ने मतदान कराने की ली शपथ

**अमरोहा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बुधवार को पुलिस कार्यालय, रिजर्व पुलिस लाइन व जिले के सभी थानों एवं कार्यालयों में पुलिस कर्मियों को निर्भीक होकर मतदान कराने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अफसरों ने बताया कि देश में 25 जनवरी को हर साल मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बना था, जबकि 25 जनवरी 1950 को देश में भारत निर्वाचन आयोग का गठन किया गया था। साल 2011 से चुनाव में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भारत के प्रत्येक नागरिक को लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए देश की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परंपरा में हिस्सेदार बनते हुए धर्म, जाति, समुदाय, भाषा के आधार एवं अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान जरूर करना चाहिए।

शहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह, थाना नौगावां सादात में प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर, थाना रजबपुर में एसओ अलका चौधरी, डिडौली कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, अमरोहा थाना देहात में प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह समेत जिले के अन्य थानों में प्रभारियों ने पुलिसकर्मियों को निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। गौरतलब है कि गुरुवार को जिले में अली डे पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण पुलिस विभाग स्तर से एक दिन पहले बुधवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। वहीं, जोया रोड पर गांव जोई स्थित नवीन पुलिस लाइन मैदान में बुधवार सुबह गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस परेड का रिहर्सल भी किया गया। कुछ कमियां मिलने पर एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने अधीनस्थों को समय रहते सुधार को लेकर निर्देशित किया।

## संक्षेप खबरें

### एडवोकेट शिव कुमार खडगवंशी बने रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य, समर्थकों में छाई खुशी



**अमरोहा :** केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर रेलवे ने आदमपुर मंडल के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार खडगवंशी को रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। इसकी सूचना मिलते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने पत्र जारी करके भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार खडगवंशी को काफूरपुर स्टेशन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। समिति का कार्यकाल एक जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगा।

### पीसीएस पास कर पुलिस अधिकारी बनी पूर्व सभासद की बेटी

**मंडी धनौरा।** शहर निवासी पूर्व सभासद की बेटी ने अपने पहले ही प्रयास में पीसीएस परीक्षा पास कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

शहर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मुनेश सिंह पेशे से ठेकेदार हैं, जबकि उनकी पत्नी बबली देवी नगर पालिका की सभासद रह चुकी हैं। अब उनकी बेटी दीपशिखा ने अपने पहले ही प्रयास में पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। राष्ट्रीय विद्यालय इंटर कालेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की। स्नातक की पढ़ाई गजरौला के रमाबाई आंबेडकर डिग्री कालेज व परास्नातक की पढ़ाई अमरोहा में डिग्री कालेज से पूरी की।

वह हापुड़ जिले के पिलखुवा में संचालित आईएएस–पीसीएस सेंटर पर रहते हुए पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। पहले ही प्रयास में उन्होंने प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार में भी सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया है। मुनेश सिंह व बबली देवी ने बेटी की कामयाबी पर खुशी मनाई।

# धूमधाम संग मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कलक्ट्रेट में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं का प्रचार–प्रसार किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट्स का वितरण भी किया गया।

डीएम राजेश कुमार त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला, मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा, सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख रखा।

जिला सूचना कार्यालय ने प्रदेश की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा से संबंधित संकलित अभिलेख की प्रदर्शनी आयोजित की।

डीएम और जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टाल का निरीक्षण कर जानकारी ली। खादी एवं ग्रामोद्योग/एमएसएमई/ग्राम्य विकास विभाग तथा उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनियां लगाई गई। नवीन कृषि तकनीकों पर आधारित प्रदर्शनी के अतिरिक्त मिलेट्स (मोटे अनाज) से बने खाद्य पदार्थों को भी प्रदर्शित किया गया। योजनाओं का प्रस्तुतिकरण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूल किट्स का वितरण किया गया। विकास यात्रा से संबंधित संकलित अभिलेख की प्रदर्शनी आयोजित की।

# शमी को नमन अवार्ड मिलने पर सहसपुर अलीनगर में जश्न

**अमरोहाः** क्रिकेटर मोहम्मद शमी को बीसीसीआई ने नमन अवार्ड से नवाजा है। शमी ने सोशल साईट एक्स पर बीसीसीआई का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है। वहीं क्रिकेटर को मिले अवार्ड पर सहसपुर अलीनगर में भी उनके परिवार और ग्रामीणों के बीच जश्न का माहौल है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों अर्जुन अवार्ड के बाद क्रिकेटर मोहम्मद शमी को विश्वकप में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बीसीसीआई ने नमन अवार्ड से सम्मानित किया है। अवार्ड की जानकारी मोहम्मद शमी ने सोशल साईट एक्स पर पोस्ट करके शेयर की है। इसमें क्रिकेटर ने अवार्ड दिए जाने पर बीसीसीआई का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है। शमी ने एक्स पर लिख है कि वह टीम इंडिया के लिए खेलते हुए आगे भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को जारी रखेंगे। क्रिकेटर को मिले सम्मान पर सहसपुर अलीनगर समेत उनके प्रशंसकों में भी जश्न का माहौल है। मोहम्मद शमी के गांव में उनके परिवार व ग्रामीणों समेत स्थानीय क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। क्रिकेटर के तहेरे भाई डा मुमताज ने कहा कि शमी ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर देश–दुनिया का दिल जीत लिया। उन्हें अवार्ड की बहुत बधाई। ग्राम प्रधान नूरे सबा ने कहा कि मोहम्मद शमी ने क्षेत्र व देश का नाम रोशन किया है, वह अवार्ड के हकदार हैं। क्रिकेटर के चचेरे भाई मोहम्मद जैद सुल्तान ने कहा कि शमी ने कड़ी मेहनत से क्रिकेट जगत में सफलता हासिल की है। अवार्ड पर उन्हें दिल से बधाई। सहसपुर अलीनगर निवासी फिरोज आलम ने कहा कि शमी की राह पर चलकर स्थानीय युवा क्रिकेट में जमकर पसीना बहा रहे हैं। सुविधाएं मिलें तो क्षेत्री के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। शमी को अवार्ड की बहुत बधाई।



मोहम्मद शमी को बीसीसीआई ने नमन अवार्ड से नवाजा है। शमी ने सोशल साईट एक्स पर बीसीसीआई का आभार जताते हुए खुशी जाहिर की है। वहीं क्रिकेटर को मिले अवार्ड पर सहसपुर अलीनगर में भी उनके परिवार और ग्रामीणों के बीच जश्न का माहौल है।

# खेत में काम कर रही महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**अमरोहा :** खेत में काम करते वक्त महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। विरोध पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के रुपये और कुंडल छीन लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पिता–पुत्र समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। छह दिसंबर 2023 की सुबह यहां के निवासी एक किसान की पत्नी खेत पर काम कर रही थी। आरोप है कि निर्माणाधीन मध्य गंग नहर के पास घात लगाकर बैठे गांव निवासी समरपाल, ऋषिपाल और उसके बेटे समय सिंह ने महिला को बुरी नीयत से पकड़ लिया। महिला की गर्दन पर दंराती रखकर जबरन नहर पर ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोपियों पर 400 रुपये और सोने के कुंडल छीनने का आरोप भी लगाया। शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे तो मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। एफआईआर के मुताबिक साल 2014 में भी आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, जो कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़िता ने शिकायत पुलिस स्तर पर की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा कोर्ट की शरण ली। सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी ऋ?षिपाल, समरपाल व समय सिंह के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, लूट, मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

पीड़िता के रुपये और कुंडल छीन लिए। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पिता–पुत्र समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।































# पापा-मम्मी माफ कर दो, सुसाइड नोट लिखकर छात्रा ने की आत्महत्या



**अमरोहा :** बीएमएस की छात्रा ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या कर ली। किराए के कमरे में उसका शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सुनाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था, मम्मी पापा मुझे माफ कर देना, मैं आपके सपने को पूरा नहीं कर पा रही हूं। मैं डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन मुझसे अब यह नहीं हो पा रहा है। मुझे माफ कर देना। छात्रा की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है।

जनपद संतकबीर नगर के थाना बखीरा थाना क्षेत्र के मेडरापाल निवासी प्रिया (27) पुत्री कृष्ण कुमार गजरौला के हाईवे के किनारे स्थित एक कालेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी। वह गजरौला की एमडीए कालोनी में किराए का कमरा लेकर रह रही थी। मंगलवार की देर रात छात्रा के भाई ने उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन रिसीव नहीं होने पर छात्रा के भाई ने मकान मालिक को फोन किया। मकान मालिक ने कमरे की खिड़की से देखा तो प्रिया का शव फंदे पर लटका था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा के शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। छात्रा के परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रा के परिवार वालों के अनुसार वह डिप्रेशन में थी। उसका उपचार भी चल रहा था। कमरे से सुसाइड नोट मिला है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आगे की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़

**अमरोहा।** हसनपुर कोतवाली पुलिस एवं बदमाशों की मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया और दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश ने नगर में हुई चोरियों की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। बदमाश के पास से चोरी की नगदी सहित डीबीआर बरामद हुआ है। दूसरे बदमाश की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

शनिवार की देर रात उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव एवं राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की अवसर पर नगर की गजरौला मार्ग स्थित गांव आगापुर मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी गजरौला की दिशा से दो बाइक सवार आ रहे थे उन्हें पुलिस द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगे पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायर कर दिया और रामपुर भूड़ वाले मार्ग पर मुड़ गए।

आत्मरक्षा के लिए पुलिस ने बदमाशों पर फायर किया तो एक गोली बदमाश के पैर में लग गई और वह घायल हो गया। दूसरा बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा दूसरे बदमाश को ढूंढने के लिए जंगल में कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम इमामुद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासी संभल तथा फरार बदमाश का नाम बब्बू पुत्र बन्ने निवासी काला शहीद हसनपुर बताया।पकड़े गए बदमाश इमामुद्दीन नगर में हुई दोनों चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। बदमाश के पास से एक बाइक, तमंचा, कारतूस, चोरी की नगदी एवं डीबीआर बरामद हुआ। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस का मानना है कि बदमाश इमामुद्दीन की गिरफ्तारी के बाद घटनाओं पर रोक लगेगी।

## संक्षेप खबरें

### गौतमबुद्धनगर : अंडरपास से जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



**गौतमबुद्धनगर,।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर 37 अंडरपास के पास बृहस्पतिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सेक्टर-39 के थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सदरपुर कॉलोनी निवासी रामायण राय का बेटा आकाश (26) बृहस्पतिवार तड़के स्कूटी से सेक्टर 37 अंडरपास के पास से गुजर रहा था तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि गंभीर हालत में आकाश को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। सड़क हादसे की एक अन्य घटना में नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नॉलेज पार्क के थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बुधवार रात को बुधन नामक व्यक्ति ने इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना 21 जनवरी को हुई। पुलिस ने रिपोर्ट के हवाले से बताया कि बुधन का भाई जाहिर नारायण (38) सेक्टर 143 में रहता था।

### बदायूं: सभी हत्यारोपियो की गिरफ्तारी न होने पर गुस्साए परिजन

बदायूं: थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव धीमरपुरा निवासी बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। बताया जा रहा है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन से ही शुरू हो गया था। पटाखे जलाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद बुजुर्ग की हत्या कर दी गई।

पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने अपने गांव के संपर्क मार्ग पर शव रखकर हंगामा किया। सीओ बिसौली सुनील कुमार दो थानों के पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया तो लोग शांत हुए। शव का अंतिम संस्कार कर दिया।गांव निवासी रामानंद शर्मा उर्फ कल्लू की मंगलवार शाम पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनका बेटा सचिन व पत्नी गुड्डो मारपीट में घायल हुए थे। मृतक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वीरेश,



उसके भाई राजवीर, चाचा बौरे और चचेरे भाई रूपेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने आरोपी वीरेश बुधवार को बाकी के दो आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज परिजनों ने गांव के पास शव रखकर जाम लगा दिया। बिसौली और वजीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने कहा कि पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी जबकि आरोपियों के परिवार के अन्य लोग भी हत्या में शामिल थे।

# रामपुर : घर में सो रहे बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या



**रामपुर :** घर में सो रहे बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

बिलासपुर, अमृत विचार। घर में सा रहे ग्रामीण की बदमाशों ने गला रेतकर हत्या कर दी।

इस मामले की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना के बाद अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के डिबडिबा की सेठी कॉलोनी की निवासी 60 वर्षीय मुसाफिर साहनी घर में सो रहा था कि रात में अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर उसकी गर्दन पर हमला करके मौत के घाट उतार दिया। सुबह साढ़े सात बजे सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस भी आ गई। शव को कब्जे में लेकर लोगों से पूछताछ कर रही है। परिजनों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है।

# भगवान के भक्तों को पूजा-अर्चना करने से रोकना बड़ा अधर्मः ओमकार कटारिया

**अमरोहा :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अह्वान पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयो ने जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने असम की भाजपा सरकार के विरुद्ध व असम सरकार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अमरोहा को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह कटारिया ने कहा की भारत के किसान, नौजवान, दलित शोषितों वंचितों और पिछड़ों की आवाज राहुल गांधी 14 जनवरी से मणिपुर से महाराष्ट्र तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे है। यह यात्रा किसान, नौजवान, दलित, शोषितों, वंचितों व पिछड़ों को न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी। लेकिन असम की भाजपा सरकार ने अपने गुंडे भेजकर न्याय यात्रा पर हमला करवाया जो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है।



भाजपा सरकारों की कायरता और हताशा का प्रमाण है कि भाजपा की सरकारें जुर्म और अन्याय सारी पराकाष्ठा पार कर चुकी है। भाजपा हाईकमान के कहने पर असम की भाजपा सरकार ने राहुल गांधी को असम में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजा अर्चना करने से रोकने का जो पाप किया किया है, उसका दंड इन्हें भुगतना ही होगा। भगवान के भक्तों को पूजा अर्चना करने से रोकना अधर्म है। बीजेपी और उनकी सरकारें अधर्म के मार्ग पर चल रही है।

# डबल मर्डर के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार



**अमरोहा।** डबल मर्डर के मुख्य आरोपी हिस्ट्रीशीटर को एसटीएफ ने गजरौला पुलिस की मदद से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फरसा व एक अ ?वैध तमंचा भी बरामद किया है।

क्षेत्र के गांव गुलालपुर स्थित फार्म हाउस पर बीती नौ अकतूबर की रात अनिरुद्ध व रतनपाल भाटी की फरसे से वार कर हत्या कर दी गई थी। हापुड़ जनपद के वीर सिंहपुर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर अशोक समेत नौ लोगों पर हत्या करने का आरोप है। इसमें से पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया था। पुलिस हिस्ट्रीशीटर अशोक को वारदात का मुख्य आरोपी मान रही है।

काफी कोशिशों के बाद भी पुलिस अशोक का कहीं कुछ पता नहीं लगा पाई थी तो लखनऊएसटीएफ को गिरफ्तारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

कार्रवाई को बढ़ाते हुए पुलिस ने अशोक की लगभग पौने तीन करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। गिरफ्तारी नहीं होने पर अशोक पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया। कोर्ट की अवहेलना करने के मामले में भी मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से अशोक को नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट से गिरफ्तार किया है। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि अशोक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फरसा व एक अवैध तमंचा गिरफ्तार किया गया है। अशोक के तार सुंदर भाटी गैंग से भी जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि अशोक पर अलग-अलग थानों में लगभग 22 मुकदमें दर्ज और वह पिछले साढ़े तीन महीने से फरार चल रहा था।

# अमरोहा: हाजी नाहिद खांन मंदिर में किया हवन और भंडारे का आयोजन

**अमरोहा :** अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अवसर पर नगर स्थित मंदिरों में हवन, भंडारे एवं धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। सोमवार को नगर पूरी तरीके से राम भक्ति में दिखाई दिया, नगर को पूरी तरीके से भगवा झंडियों से सजाया गया है।

नगर के ग्राम सोहरका मार्ग स्थित बहुचरा माता मंदिर मैं भी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया मंदिर प्रांगण में प्रातः हवन का आयोजन किया गया, पंडित विपिन शास्त्री द्वारा विधि विधान के साथ मंत्रों उच्चारण करके आहुतियां दिलवाई गई, इसके बाद आरती की गई और भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इसके बाद मंदिर प्रांगण में बाहर से आई भजन मंडली ने भजन कीर्तन किया गया।

निर्देशक हाजी नाहिद खान ने बताया गया भगवान श्रीराम हिंदु एवं मुस्लिम दोनों पक्षों के है, आज के कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया है। इस मौके पर बब्बू, महक,



करिश्मा, खुशी, अंजलि, पंडित जितेंद्र शास्त्री, प्रतिमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, हितांशी, हर्षिता, युवराज, नेहा वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बदायूं: जमीन की खुदाई के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या



**बदायूं:** नींव खोदने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पहले कहासुनी हुई। फिर मारपीट शुरू हो गई। लाठी-डंडे चले। एक पक्ष ने लाठी से पीटकर बुजुर्ग की हत्या कर दी। सूचना पर एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी देहात राम मोहन सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। पुलिस ने आरोपी दो सगे भाइयों को हिरासत में लिया है।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव धीमरपुरा निवासी रामानंद शर्मा उर्फ कल्लू (60) पुत्र रामचरण शर्मा खेती करते थे। उनके घर के बाहर कूड़े का ढेर लगा हुआ था। शुक्रवार शाम रामानंद शर्मा का परिवार कूड़े का ढेर हटाकर नींव की खोदाई कर रहा था। इसी दौरान उनके घर के पड़ोस में रहने वाला वीरेश, उसका भाई राजवीर और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे।कहा कि अगर कूड़े का ढेर हटाकर नींव भरवा दोगे तो उसके मकान की दीवार गिर जाएगी।

# आदमपुर में निकाली गई भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा

**अमरोहा।** जनपद की हसनपुर क्षेत्र के गांव आदमपुर में 22 जनवरी को अयोध्या में विराजमान हो रहे श्रीराम के उपलक्ष में ग्रामीणों ने मिलकर विशाल श्रीराम शोभा यात्रा निकाली।

राम शोभायात्रा पातालेश्वर आदमपुर शिव मंदिर से शुरू होकर बस स्टैंड, थाना चौराहा, लालबाग व जड़ मंडी मैन मार्केट होती हुई मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में हजारों भगवा झंडा लहरा रहे थे तथा जय श्री राम के नारों से गांव गूंज उठा डीजे की लंबी कतारें भी दर्शनीय थी।

इस मौके आदमपुर थानाध्यक्ष निशांत राठी संपूर्ण पुलिस बल के साथ शुभ यात्रा में उपस्थित रहे, शोभा यात्रा में उपस्थित रमेश सिंह सैनी, धर्मवीर सिंह सैनी, सतीश अग्रवाल, मेघ सिंह, डॉक्टर ललतू सिंह, आकाश गोयल, गौरव कुमार, सुंदरपाल राणा, योगेश सैनी मौजूद रहे।





# अभिनेत्री अमीषा पटेल अग्रिम जमानत लेने मुरादाबाद पहुंची

**मुरादाबाद :** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल की अग्रिम जमानत की अर्जी बुधवार को जिला जज की अदालत में दाखिल की गई है। गबन के आरोप में फंसी सिने तारिका की जमानत अर्जी पर दो फरवरी को सुनवाई होगी। अदालत ने थाने से आख्या मांगी है। साथ ही लोअर कोर्ट से रिकार्ड भी मांगा गया है। कोर्ट में वादी की ओर से पंकज शर्मा हाजिर हुए। कोर्ट में परिवाद के बाद एसीजेएम कोर्ट ने अमीषा पटेल के खिलाफ 11 फरवरी, 2017 को जमानती वारंट जारी किया गया।

वारंट के सात साल बाद मंगलवार को अमीषा पटेल गुपचुप तरीके से मुरादाबाद कचहरी पहुंचीं। यहां अपने वकील अभिषेक शर्मा के चैंबर पर अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर किए। अधिवक्ता अभिषेक शर्मा का कहना है कि जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया।



गदर फिल्म की हेरोइन अमीषा पटेल के खिलाफ गबन का आरोप है। मुरादाबाद की ड्रीम विजन इवेंट कम्पनी स्वामी पवन वर्मा ने कोर्ट में अमीषा पटेल और अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था। कहा गया कि 16 नवंबर 2017 को मुरादाबाद में वैवाहिक समारोह में नृत्य कार्यक्रम के लिए बुलाया गया था। इसके लिए सिने तारिका को 11 लाख रुपये बतौर एडवांस दिए गए, लेकिन कार्यक्रम से पहले दो लाख रुपये की और डिमांड की गई। आरोप है कि एडवांस की रकम लेने के बाद भी सिने तारिका समारोह में नहीं आई। रकम पीआर कम्पनी के मालिक राजकुमार गोस्वामी के जरिये अमीषा पटेल के पीए सुरेश परमार और अहमद शरीफ के द्वारा दी गई थी। डीजीसी नितिन गुप्ता और एडीजीसी संजीव अग्रवाल का कहना है कि अमीषा पटेल की ओर अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल हुआ है। इस पर अदालत ने लोअर कोर्ट से पत्रावली तथा थाने से आख्या मांगी है। जमानत अर्जी पर दो फरवरी को सुनवाई की जाएगी।

> आरोप है कि एडवांस की रकम लेने के बाद भी सिने तारिका समारोह में नहीं आई। रकम पीआर कम्पनी के मालिक राजकुमार गोस्वामी के जरिये अमीषा पटेल के पीए सुरेश परमार और अहमद शरीफ के द्वारा दी गई थी। डीजीसी नितिन गुप्ता और एडीजीसी संजीव अग्रवाल का कहना है कि अमीषा पटेल की ओर अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल हुआ है। इस पर अदालत ने लोअर कोर्ट से पत्रावली तथा थाने से आख्या मांगी है। जमानत अर्जी पर दो फरवरी को सुनवाई की जाएगी।

## जरूरी खबरें

# सदर में जीतेंद्र वीरवाल, बिलारी में मनी अरोड़ा बनी एसडीएम

**मुरादाबाद :** मुरादाबाद जिले में तीन तहसीलों के एसडीएम बदल दिए गए। वहीं दोनों एसीएम व एएसडीएम समेत कई अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। सदर से विनय पांडे को हटाकर जीतेंद्र वीरवाल को एसडीएम बनाया गया। बिलारी में मनी अरोड़ा को एसडीएम बनाया गया। वह अभी तक एसीएम प्रथम थीं।

बिलारी के एसडीएम राजबहादुर को एसडीएम न्यायिक कांठ बनाया गया। कांठ के एसडीएम जितेंद्र वीरवाल को मुरादाबाद सदर तहसील और सचिन राजपूत जो अभी तक अपर उप जिलाधिकारी सदर थे को कांठ का एसडीएम बनाया गया। एसीएम द्वितीय प्रीति सिंह को एसीएम प्रथम बना दिया गया। सदर में एसडीएम रहे विनय पांडे को अपर उपजिलाधिकारी सदर मुरादाबाद बनाया गया है। कांठ के एसडीएम न्यायिक संतदास पंवार को एसीएम द्वितीय बनाया गया है। जिलाधिकारी ने आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है।

> दोनों एसीएम व एएसडीएम समेत कई अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया। सदर से विनय पांडे को हटाकर जीतेंद्र वीरवाल को एसडीएम बनाया गया। बिलारी में मनी अरोड़ा को एसडीएम बनाया गया।

# संभलः छात्र छात्राओं ने रैलियां निकालकर जगाई मतदान की जगाई अलख



**संभल।** मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर संभल में बुधवार को इंटर कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने रैली निकाली। छात्र छात्राओं ने विभिन्न नारे लगाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

बुधवार को शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज, हिन्द इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। छात्र छात्राएं हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चले।

कई नारे लगाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया और मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

अस्पताल चौराहा, शंकर इंटर कॉलेज चौराहा, बरेली सराय, हल्लू सराय तिराहा से होकर रैली चौधरी सराय की तरफ बढ़ गई। शहर में दूसरे स्कूलों की तरफ से भी मतदाता जागरुकता रैलियां निकाली गई।

छात्र–छात्राओं ने समझाया कि मतदान की ताकत से ही देश की दिशा व दशा बदली जा सकती है। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रधानाचार्य नरेंद्र वर्तवाल, प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना आदि रहे।

# योजनाओं के संचालन से बेटियों का मान बढ़ा : डीएम

**मुरादाबाद :** सरकार की ओर से बेटियों के उत्थान के लिए अनेकों कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बेटियों के हित में चलाई गई योजनाओं के संचालन से बेटियों का मान बढ़ा है, जिससे समाज की सोच भी बदली है। ये बात डीएम मानवेंद्र सिंह ने कहीं। वह बुधवार को पंचायत भवन सभागार में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस का गरिमामय आयोजन जनसहभागिता के साथ उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की थीम पर किया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की और मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की 20 बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त बैग वितरित किए गए। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया।

गो संरक्षण के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि मुरादाबाद जिले में हम बेहतर गो संरक्षण करके दिखाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में 16 गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जिनमें निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाएगा।उद्योग विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला कल्याण व बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, कृषि विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन आदि विभागों ने अपने विभागों से संबंधित योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों पर स्टॉल लगाए थे।

उद्योग विभाग की ओर से संचालित योजना एक जनपद एक उत्पाद और विश्वकर्मा सम्मान योजना के पांच–पांच को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक को प्रतीकात्मक चैक सौंपा गया। खेल विभाग के तहत 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीन को, अग्रणी जिला प्रबंधक के दो, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के तहत दो, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत दो, जिला प्रोबेशन विभाग दो, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के पांच, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के तहत तीन को सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की और मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की 20 बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगो युक्त बैग वितरित किए गए। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया।यहां महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.शैफाली सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्टेट सुनील धनवंता, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, एसपी सिटी, एडीएम सिटी आदि रहे।

> उद्योग विभाग की ओर से संचालित योजना एक जनपद एक उत्पाद और विश्वकर्मा सम्मान योजना के पांच–पांच को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत एक को प्रतीकात्मक चैक सौंपा गया। खेल विभाग के तहत 10 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तीन को, अग्रणी जिला प्रबंधक के दो, राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के तहत दो, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत दो, जिला प्रोबेशन विभाग दो, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के पांच, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना के तहत तीन को सम्मानित किया गया।

# खेत में तेंदुए के शावक की सूचना पर कर्मियों ने की कांबिंग

**मुरादाबाद :** ठाकुरद्वारा में गन्ने के खेत में तेंदुए के शावक देखकर किसानों में दहशत फैल गई। किसानों ने वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली है। वन विभाग ने ग्रामीणों को समूह बनाकर खेतों पर जाने की सलाह दी है।

तहसील के ग्राम पाडला में प्रदीप त्यागी ने खेत में बुधवार को किसानों ने तेंदुए के शवक देखकर शोर मचाया तो किसानों की भीड़ जमा हो गई। सूचना वन विभाग को दी। इत्तला मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन कर्मियों ने आसपास के गन्ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली। किसानों का कहना है कि पहले भी खेतों में तेंदुआ दिखाई दिया था। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क किया है। उनको अकेले खेतों पर नहीं जाने की सलाह दी है, बल्कि समूह के रूप में ही जंगल जाने की नसीहत की है। देर रात को भी घरों से नहीं निकलने एवं सुनसान रास्तों पर नहीं जाने की सलाह दी है। वन दरोगा पियूष जोशी, बीट प्रभारी गणेश राम, मदन सिंह, शिव कुमार मौजूद थे।

> किसानों ने वन विभाग को सूचना दी। वन कर्मियों ने खेतों में कांबिंग की, लेकिन सफलता नहीं मिली है। वन विभाग ने ग्रामीणों को समूह बनाकर खेतों पर जाने की सलाह दी है।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षक कार्य किया स्थगित

**मुरादाबाद :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक नेतृत्व के आह्वान पर जनपद की प्रत्येक इकाई शाखा में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य स्थगित रखा।

इस दौरान पुरानी पेंशन की बहाली, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने, बोर्ड परीक्षाओं की पारिश्रमिक दरें सीबीएसई के समान करने आदि मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित किया। इस अवसर पर डॉ. सुनीत गिरी ने कहा कि शिक्षकों की लंबित मांगों को सरकार ज्यादा समय तक अनदेखा नहीं कर सकती। इस अवसर पर राजीव पाठक, पुष्पेश मिश्रा, ग्रंथ सिंह, डॉ. फैजान अहमद, अनिल कुमार, राकेश वर्मा, मयंक त्यागी, डॉ. राखी रस्तोगी, रति कौशिक, राजीव शर्मा, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# संभल में मिले हैं 14 वी शताब्दी के सिक्के



**संभल :** हरसिंहपुर गांव में सड़क निर्माण के लिए मिटटी की खुदाई के दौरान दो सौ से ज्यादा प्राचीन सिक्के मिले हैं। संभल के उलेमा तकी अशरफ को सिक्के की तस्वीर दिखाई गई तो उन्होंने बताया कि सिक्के पर जो लिखा है वह पूरी तरह से पढ़ने में नहीं आ रहा है। जो समझ में आया है उसके हिसाब से सिक्के पर सुल्तान अबुल मुज़फ़्फ़र मुहम्मद शाह अलाउद्दीन वल्लाह सुल्ताने आज़म, लिखा नजर आता है।

इतिहासकारों के मुताबिक सैयद वंश के अलाउद्दीन आलमशाह ने 1445 से 1450 तक दिल्ली की गद्दी पर राज किया था। अलाउद्दीन के पिता का नाम मुहम्मदशाह था। मुहम्मद शाह की मृत्यु के बाद अलाउद्दीन ने आलमशाह की उपाधि ग्रहण करने के बाद अलाउद्दीन आलमशाह के नाम से राजगद्दी संभाली थी। इतिहास में यह भी दर्ज है कि अलाउद्दीन आलमशाह की उसके वजीर हमीद खां से अनबन हो गई थी। इसके बाद अलाउद्दीन आलमशाह ने दिल्ली छोड़कर बदायूं में शरण ली थी। जिस गांव में यह सिक्के मिले हैं वह भी पहले बदायूं जनपद का ही हिस्सा था।

# संभल : श्रीराम नाम संकीर्तन में झांकियों ने मोहा मन

**संभल।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को जनपद संभल के बबराला में राम नाम संकीर्तन यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल झांकियों ने मन मोह लिया। यात्रा का मुस्लिमों ने फूल बरसाकर स्वागत किया। राम नाम संकीर्तन यात्रा नगर पंचायत कार्यालय के सामने से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार रेलवे रोड, इंदिरा चौक, टीचर्स कॉलोनी, प्रजापति बस्ती, सर्राफा बाजार, रामलीला मैदान से होते हुए रेलवे स्टेशन के पास पहुंच कर समाप्त हुई। हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही मुस्लिमों ने भी जगह–जगह संकीर्तन यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।



संकीर्तन यात्रा के पहले रामा कान्वेंट स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्रभु श्रीराम की जीवन लीलाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया। यात्रा में रथ पर सवार राम दरबार और रामायण के पात्र रूप धरे बच्चों की विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। कई संत महात्माओं के साथ ही भारी संख्या में महिलाओं ने रामधुन गाते हुए संकीर्तन यात्रा में हिस्सा लियाइस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, अतुल गोयल, धर्म देव आर्य, राकेश संभली, विनय वार्ष्णेय, निशांत वार्ष्णेय, सुधा गौतम, कविता वार्ष्णेय, शिखर गोयल, संगीता शर्मा, आस्था वार्ष्णेय, पिंकी गुप्ता, राधा अग्रवाल, प्रेमवती, ममता शर्मा, रेखा दीक्षित, अतुल महाजन आदि मौजूद रहे।

बबराला। संकीर्तन यात्रा में शामिल लोगों के लिए नगर में कई स्थानों पर हलवा के स्टॉल लगाए गए। अमित गुरू, रजत मित्तल, गौरव मित्तल, गौरव शर्मा आदि ने रेलवे रोड पर जबकि नगर पंचायत की ओर से समापन पर हलवा का प्रसाद वितरित किया। रोटरी क्लब गंगा की ओर से श्रद्धालुओं को पानी की बोतलें बांटी गईं। सुरक्षा के लिए कोतवाल संजीव बालियान भारी संख्या में पुलिस बल के साथ रहे।

# डीएम के खिलाफ सड़कों पर उतरे संभल के वकील





**संभल,** संभल में अधिवक्ता जिलाधिकारी के निर्णय के खिलाफ सड़कों पर उतरे। जिलाधिकारी द्वारा संभल में स्थित न्यायालय को बहजोई स्थानांतरित करने के आदेश से नाराज अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर डीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने शंकर कॉलेज चौराहा पहुंचकर न्यायालय को स्थानांतरित किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

शंकर कालेज पर प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता यशोदा तिराहा होकर चंदौसी चौराहा पहुंचे। यहां चौराहे पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। इसके बाद वह एडीएम कार्यालय पहुंच गये। अधिवक्ताओं ने कहा कि जनपद संभल का गठन 28 सितंबर 2011 को हुआ था। तभी से जिलाधिकारी का न्यायालय संभल स्थित अपर जिलाधिकारी के न्यायालय से संचालित हो रहा है। जिले के सभी न्यायालय एवं कार्यालयों से संबंध में पूर्व से ही सहमति बनी हुई कि जिला मुख्यालय का स्थाई रूप से निर्माण होने तक उनकी यथास्थिति बनी रहेगी।

जिसका अनुपालन पूर्व में रहे जिलाधिकारियों द्वारा किया गया। अब जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जो न्यायालय को बहजोई स्थानांतरित किए जाने का आदेश जारी किया है वह विधि विरुद्ध है। अधिवक्ताओं ने चंदौसी चौराहा पर धरना देकर डीएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा जारी किए आदेश को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर पूर्व की भांति संभल से जिलाधिकारी न्यायालय का संचालन नहीं हुआ तो उग्र धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान अधिवक्ता प्रदीप कुमार गुप्ता, शरद चंद्र भारद्वाज, अमित उठवाल, सचिन चौहान, चौधरी नदीम, मोहम्मद कामिल समेत दर्जनों अधिवक्ता रहे।

Admission Open
अपने संस्थान को
दे नई तरक्की
एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें
विज्ञापन हेतु संपर्क करें–
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9456884327

आवश्यकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में
सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाये अपनी बात
अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें –9456884327

# अयोध्या को लेकर संघ-भाजपा ने बदली रणनीति, बनी नई योजना

**लखनऊः** रामलला के दर्शनों को लेकर खुद उमड़ रही इस भीड़ को देखते हुए आरएसएस और भाजपा ने अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया है। यूपी सहित पड़ोसी राज्यों से जिन रामभक्तों को 25 जनवरी से दर्शन कराने का क्रम शुरू होने वाला था, उसे आगे बढ़ाया गया है। अब यह 30 जनवरी या उसके बाद शुरू होगा। देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाली स्पेशल ट्रेनों के शेड्यूल को लेकर भी मंथन किया जा रहा है।

संघ ने भाजपा को केंद्र में रख राममंदिर से देश के हर हिस्से को जोड़ने के लिए विस्तृत योजना तैयार की है। इसी योजना के तहत पार्टी ने दक्षिणी राज्यों में भी अक्षत वितरण के साथ अयोध्या आमंत्रण का वृहद अभियान चलाया। तय कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी से देश के विभिन्न हिस्सों से रामभक्तों को अयोध्या लाने की योजना तय की गई थी।

यूपी के सभी जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा से बसों के जरिए रामभक्तों को अयोध्या लाया जाना है। इसके अलावा दक्षिण भारत सहित अन्य दूरस्थ प्रदेशों से 1200 से अधिक स्पेशल ट्रेनों के जरिए रामभक्त अवधपुरी आएंगे। इस पूरी मुहिम की मॉनीटरिंग सीधे दिल्ली से की जा रही है।

पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, तरुण चुघ और विनोद तावड़े इन व्यवस्थाओं को देख रहे हैं। प्रदेश स्तर पर भाजपा ने दो महामंत्री अनूप गुप्ता और रामप्रताप चौहान के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा के नेतृत्व में टीमें लगा रखी हैं।

शायद संघ, भाजपा, मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय प्रशासन को भी अनुमान नहीं था कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन से ही अयोध्या में जनसैलाब उमड़ पड़ेगा। स्थानीय प्रशासन ने 26 तक गैर जिलों से बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है।



देशभर से आने वाले लोगों के लिए बड़े भंडारे लगाए जा रहे हैं। मगर अयोध्या में भारी भीड़ के चलते उनके सामान लदे वाहन भी नहीं पहुंच पा रहे। सूत्रों की मानें तो हालात को देखते हुए अब रणनीति में थोड़ा बदलाव करते हुए नए सिरे से मंथन किया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का बुधवार को प्रस्तावित अयोध्या दौरा भी भीड़ के चलते ही रद्द किया गया था।

यूपी सहित देश के भाजपा शासित राज्यों के मंत्रिमंडल को भी मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या लाने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही एक फरवरी को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को अयोध्या दर्शन कराने की घोषणा कर चुके हैं। दो फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनके मंत्रिमंडल का दर्शन कार्यक्रम प्रस्तावित है जबकि तीन फरवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल सहित अयोध्या आने वाले हैं। गृहमंत्री अमित शाह का 4 फरवरी को अयोध्या आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

**यूपी सहित देश के भाजपा शासित राज्यों के मंत्रिमंडल को भी मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या लाने की योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही एक फरवरी को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को अयोध्या दर्शन कराने की घोषणा कर चुके हैं। दो फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी और उनके मंत्रिमंडल का दर्शन कार्यक्रम प्रस्तावित है जबकि तीन फरवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंत्रिमंडल सहित अयोध्या आने वाले हैं। गृहमंत्री अमित शाह का 4 फरवरी को अयोध्या आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।**

## जरूरी खबरें

### जानलेवा सर्दी! दोपहर में साइकिल से निकले बच्चे को लगी ठंड, मौत



**प्रयागराज :** भीषण ठंड अब जानलेवा साबित होने लगी है। बुधवार को प्रयागराज में बेली कॉलोनी के रहने वाले पं. वागीश द्विवेदी पर यह ठंड कहर बनकर टूटी। उनके 11 वर्षीय एकलौते बेटे अर्थव की ठंड से मौत हो गई। अथर्व कारपेंटरी चौराहा के पास स्थित डीपी पब्लिक स्कूल में कक्षा चार में पढ़ता था। वह दोपहर 12 बजे घर के पास में स्थित दुकान पर दूध लेने गया था। दूध लेकर आने के बाद उसने मम्मी से कहा कि आप दूध गर्म कीजिए तब तक साइकिल से कॉलोनी में एक राउंड लगा लूं। अथर्व साइकिल चलाते-चलाते अचानक गिर गया।

कॉलोनी के कुछ लोग बच्चे को लेकर पहले बेली अस्पताल गए। वहां पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया तब दो निजी अस्पताल लेकर गए लेकिन वहां भी डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। उसके बाद बच्चे को लेकर लोग छावनी अस्पताल गए। वहां भर्ती कर ऑक्सीजन लगाया गया लेकिन अथर्व को बचाया नहीं जा सका। छावनी अस्पताल के डॉ. एसके पांडेय ने बताया कि बच्चे को ठंड लग गयी थी। वागीश ने बताया कि जिस समय अथर्व साइकिल से गिरा था, तभी उसकी स्थित गंभीर हो गयी थी। जिस समय घटना हुई वागीश लालगोपालगंज गए हुए थे। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थरवई थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में मंगलवार की रात युवक की अचानक मौत से कोहराम मच गया। घर में खुशी का आलम मातम में बदल गया। रंगेश यादव (30) पुत्र स्वर्गीय नान्हू यादव की पत्नी को मंगलवार की शाम चार बजे बेटी पैदा हुई। लक्ष्मी आने की खुशी में घर में गाना-बजाना के साथ खाना-पीना चल रहा था। रंगेश रात 9 बजे खाना खाने बैठे थे।

### प्रेमिका के महंगे शौक के लिए लूट गिरोह बनाकर सरगना बना



**लखनऊः** लखनऊमें पर्स और मोबाइल लूट करने वाले गिरोह का सरगना प्रेमिका के शौक को पूरा करने के लिए लुटेरा बना। प्रेमिका उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी तो उसे भी अपने गिरोह में शामिल किया। वह लूटे गई चेन छिपाने और फिर उन्हें बेचने में साथ देने लगी। तीन घटनाओं में इनके शामिल होने की पुष्टि हुई है। ये घटनाएं सीसी कैमरे में कैद हो गई थी। गोमती नगर पुलिस ने सरगना शिवम और उसकी प्रेमिका खुशी खातून व साथी हिमांशु यादव को गिरफ्तार कर यह खुलासा किया है। शिवम किराए के मकान में रहता है। उसका सत्यापन न कराने पर पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। यह गिरोह इससे पहले एक महीने तक गाजीपुर में सक्रिय रहा था।

गाजीपुर भांवरकोल निवासी शिवम राय की दोस्ती खुशी खातून से थी। प्रेमिका के महंगे शौक पूरे करने के लिए शिवम ने दोस्त हिमांशु के साथ मिल कर गाजीपुर में लूट करता था। आरोपियों के खिलाफ गाजीपुर के नन्दगंज और भांवरकोल कोतवाली में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि खुशी खातून शिवम के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहने लगी थी। खुशी के पिता ने भांवरकोल कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। गाजीपुर पुलिस ने खुशी को तलाश कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया था। जहां खुशी ने प्रेमी शिवम राय के साथ रहने की बात कही।


केस दर्ज होने पर शिवम, खुशी और हिमांशु गाजीपुर से लखनऊआ गए थे। विनयखंड में शिवम ने प्रभात के घर कमरा किराए पर लिया था। डीसीपी पूर्वी आशीष श्रीवास्तव ने बताया बिना सत्यापन के मकान किराए पर देने वाले प्रभात पर भी कार्रवाई की जाएगी।

एडीसीपी पूर्वी सै. अली अब्बास ने बताया कि 11 जनवरी को विरामखंड में भूमिका गुप्ता और विनयखंड में आशुतोष गोविंद से मोबाइल लूटा गया था।

# बदल गई है रामलला की आभा, मूर्तिकार अरुण योगीराज भी चौंके कि ऐसा कैसे हुआ

**लखनऊः** अयोध्या राम मंदिर में विराजे रामलला के बारे में प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज ने कई अविश्वसनीय बात बताई है। उन्होंने अपने साथ हुए चमत्कारिक घटनाओं के बारे में कहा कि मूर्ति निर्माण होते समय अलग दिखती थी लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान ने अलग रूप ले लिया है। जिस रामलला को सात महीने तक गढ़ा, उसे प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मैं खुद नहीं पहचान पाया। गर्भगृह में जाते ही बहुत बदलाव हो गया। मूर्ति की आभा ही कुछ और हो गई। इस बदलाव के बारे में साथ मौजूद लोगों से चर्चा की। यह ईश्वरीय चत्मकार या कुछ और।

योगीराज ये बातें एक टीवी चैनल के इंटरव्यू ने कहीं। उन्होंने कहा कि ये हमारे पूर्वजों की सालों की तपस्या का ही नतीजा है कि हमें काम के लिए चुना गया है। अभी मैं अपनी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि रामलला की मूर्ति बनने में करीब



सात महीने का समय लगा। इस दौरान वह दुनिया से कट गए और बच्चों के साथ समय बिताया। मूर्तिकार ने पिछले सात महीनों की अवधि को चुनौतीपूर्ण बताया। योगीराज ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया कि कैसे रोज बंदर उनके घर आकर मूर्ति के दर्शन करते और मूर्ति का काम देखते और लौट जाते। काम के दौरान बंदरों के आने से परेशानी होती थी। हम लोगों का ध्यान भी भटक जाता था। इस संबंध में हमने चंपत राय से बात की। उन्होंने इसका समाधान किया और कर्मशाला घेरवा दिया। दरवाजे लग गए। जिस दिन दरवाजा लगा उसी शाम को बंदर फिर आए। अब बंदर दरवाजा पीटने लगे हमने दरवाजा खोलकर देखा तो एक बंदर को वहां पाया। अरुण योगीराज ने बताया जब तक हमने दरवाज नहीं खोला तब तक बंदर दरवाजा पिटता रहा। हमने दरवाजा खोला तो बंदर अंदर आए। पहले की तरह ही बंदरों ने मूर्ति का निर्माण देखा और चले गए। अरुण योगीराज से जब पूछा गया कि क्या एक ही बंदर आते थे? इस पर उन्होंने कहा कि यह मैं नहीं बता सकता।

योगीराज ने बताया कि 29 दिसंबर को बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए किस मूर्ति को फाइनल किया गया है। ट्रस्ट से मिली जानकारी के बाद मैंने रामलला की इस मूर्ति को फाइनल टच देना शुरू किया। समय रहते काम पूरा किया। अब तो 22 जनवरी को रामलला विराजमान हो गए। रामलला की मूर्ति मोहित करने वाली है।

## 100 साल से पुराने मंदिरों के लिए ये काम करेगी योगी सरकार, पुजारी-संत-पुरोहितों के लिए बनेगा बोर्ड

**लखनऊ :** राज्य सरकार प्रदेश के 100 वर्ष से अधिक पुराने मंदिर, मठ, धर्मधाला, कुंड और तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार कराने के लिए नई नीति जल्द लाने जा रही है। इसके साथ ही बुजुर्ग संतों, पुजारियों और पुरोहितों के समग्र कल्याण के लिए योजनाओं के लिए एक विशेष बोर्ड बनाया जाएगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को इस संबंध में जिलाधिकारियों को निर्देश भेज दिया है। इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ऐसे स्थलों को संरक्षित करने के साथ ही उसका सौंदर्यीकरण कराना चाहती है। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

इसमें यह भी जानकारी दी गई है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के काम के दृष्टिगत श्रद्धालुओं व पर्यटकों की होने वाली वृद्धि को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक पहुंचने वाले तीन सड़कों का चौड़ीकरण किया गया है। इसके साथ ही सार्वजनिक सुविधाएं और पार्किंग व जन सुविधाओं के लिए बेहतर काम किया गया है। कैलाश मानसरोवर



की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक तीर्थ यात्रियों को एक लाख रुपये दिया जा रहा है। अब तक 2407 तीर्थ यात्रियों को 24.07 करोड़ रुपये दिया जा चुका है। पौष पूर्णिमा आज, लाखों श्रद्धालु करेंगे संगम स्नान, शुरू होगा कल्पवास

सीतापुर में नैमिषारण्य तपोस्थली पर वेद विज्ञान अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए 49.52 करोड़ रुपये जल्द दिया जाएगा। इंटीग्रेटेड ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम (आईजीआरएस) में 8 जनवरी तक 47232657 मामलों में 46892131 मामलों का समयबद्ध निस्तारण किया गया।

# योगी सरकार की प्रोत्साहन नीति का दिखा असर, करोड़ का आया निवेश

**लखनऊ :** एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के साथ काम कर रही यूपी सरकार की निवेश प्रोत्साहन की नीतियों का असर सामने आने लगा है। पिछले पांच वित्तीय वर्षों में राज्य 4 लाख 42 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करने में सफल रहा है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हाल ही में संपन्न एक अध्ययन के अनुसार यूपी ने 2018-19 और 2022-23 के बीच 4 लाख 41 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की नई निवेश परियोजनाओं को आकर्षित किया है जबकि 2 लाख 65 हजार 765 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी की।

एमएसएमई निर्यात संवर्धन परिषद ने जैविक खाद्य उत्पादकों और विपणन एजेंसियों के परिसंघ (सीओआईआई) के साथ किए गए अध्ययन को जारी किया। एसोचैम के पूर्व महासचिव डॉ डी एस रावत ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में परियोजनाएं सक्रिय हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग ऑफ इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान पुनर्जीवित




निवेश परियोजनाएं 38 हजार 800 करोड़ रुपये की थीं।

अध्ययन में पाया गया कि 2022-23 में कुल बकाया निवेश परियोजनाएं 12 लाख 44 हजार 436 करोड़ रुपये की थीं और कार्यान्वयन के तहत 8 लाख 47 हजार 445 करोड़ रुपये की थीं। अध्ययन में किसी भी लागत वृद्धि से बचने के लिए परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान निजी क्षेत्र द्वारा निवेश परियोजनाएं (2018-19 से 2022-23) 2 लाख 17 हजार 420 करोड़ रुपये की थी और 92 हजार 478 करोड़ रुपये की पूर्ण परियोजनाएं थी। जबकि 2022-23 में बकाया कुल निवेश परियोजनाएं 6 लाख 81 हजार 746 करोड़ रुपये की थीं। कार्यान्वयनाधीन परियोजनाएं 3 लाख 97 हजार 623 करोड़ रुपये की थी।

2022-23 में निजी क्षेत्र द्वारा नई निवेश परियोजनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि 2021-22 में 44 हजार 708 करोड़ रुपये के निवेश के मुकाबले यह 89 हजार 750 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

**सूत्रों ने बताया कि उत्तर भारत के लिए आईटी हब के रूप में पहचान बनाने वाला यूपी देश में सॉफ्टवेयर निर्यात में छठवां स्थान रखता है। राज्य में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र 0.12 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और लगभग 6300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे 53 हजार लोगों को नया रोजगार मिला है। राज्य में देश में 14.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अनुमानित एमएसएमई की संख्या सबसे अधिक है।**

सूत्रों ने बताया कि उत्तर भारत के लिए आईटी हब के रूप में पहचान बनाने वाला यूपी देश में सॉफ्टवेयर निर्यात में छठवां स्थान रखता है। राज्य में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र 0.12 मिलियन से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है और लगभग 6300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे 53 हजार लोगों को नया रोजगार मिला है। राज्य में देश में 14.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अनुमानित एमएसएमई की संख्या सबसे अधिक है। देश में एमएसएमई की कुल अनुमानित संख्या में शीर्ष 10 राज्यों की हिस्सेदारी 74.05 प्रतिशत है। यूपी में 89.99 लाख एमएसएमई हैं जो 165.26 लाख लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं; 27.27 लाख महिलाएं और 137.92 लाख पुरुष, इसके बाद 14 प्रतिशत हस्सिेदारी के साथ पश्चिम बंगाल 88.67 लाख है।

उन्होने बताया कि राज्य में एक मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचा है, जिसमें 15 औद्योगिक क्षेत्र, 12 विशेष पार्क, चार विकास केंद्र शामिल हैं। नोएडा-ग्रेटर-नोएडा-एक्सप्रेसवे बेल्ट कई आईटी/आईटीईएस और इलेक्ट्रॉनिक फर्मों के लिए एक उत्सुक विकल्प रहा है।


अध्ययन में कहा गया है कि यह बेल्ट वर्तमान में देश में मोबाइल के नर्माण में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है और उनके 55 प्रतिशत से अधिक घटकों में अगले पांच वर्षों में 10 से 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज करने की उम्मीद है।

## यूपी पुलिस एनकाउंटर में घिरी मंदिर लूटकांड में शामिल गैंग, एक के पैर में लगी गोली, 3 गिरफ्तार

**आगरा :** राजामंडी रेलवे स्टेशन के पास स्थित आर्य समाज मंदिर में दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। घटना में चार नहीं पांच बदमाश शामिल थे। बुधवार को पुलिस ने वारदात का खुलासा किया। तीन बदमाश मुठभेड़ में पकड़े गए, एक के पैर में गोली लगी। बदमाशों के कब्जे से लूट का शत प्रतिशत माल बरामद हुआ है। दो बदमाश अभी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। 16 जनवरी की दोपहर आर्य समाज मंदिर में घटना हुई थी। चार बदमाश मंदिर में आए थे। शादी के लिए क्या-क्या सामान चाहिए। यह पूछने के बहाने अंदर घुसे थे।

पुजारी सोम शास्त्री की पत्नी श्रद्धा दीक्षित को बंधक बनाकर जेवरात लूटे थे। बदमाशों ने सेविका राधा को कमरे में बंद कर दिया था। डीसीपी सिटी सूरज कुमार राय ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सिटी एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। लोहामंडी पुलिस के साथ मिलकर टीमों ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बदमाश पैदल जाते कैमरे में दिखे थे। कैमरों की मदद से पुलिस बिचपुरी मार्ग के पास गांव मघटई तक पहुंची।

छानबीन में पता चला कि सोनू शर्मा नाम के बदमाश ने यहां प्लाट ले रखा है। उसमें एक कमरा बना है। सोनू शर्मा गढ़ी भदौरिया के पास किराए पर रहता है। मूलतः हाथरस का निवासी है। छानबीन



में कई और सुराग मिले। पुलिस ने मुठभेड़ में तीन बदमाशों को पकड़ा। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। जख्मी बदमाश ने अपना नाम सलमान बताया। वह सादाबाद, हाथरस का निवासी है। वह घटना का मास्टर माइंड निकला। सोनू शर्मा ने मंदिर में रेकी की थी। उसने यह जानकारी सलमान को दी थी। सलमान पहले आगरा आया था। बाद में उसने फोन करके अपने तीन साथियों को बुलाया। सोनू ने रेकी के बाद सलमान को बताया था कि मौके से लाखों के जेवरात मिलेंगे। आर्य समाज मंदिर में ज्यादातर लव मैरिज करने वाले आते हैं। अच्छा पैसा देते हैं। पुजारी की पत्नी के पास लाखों का सोना है।

संपादकीय

## संवैधानिक संतुलन महत्वपूर्ण

हमारे संविधान में शासन के तीन अंगों- विधायिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका- की शक्तियों और उत्तरदायित्व को इस तरह परिभाषित व वर्णित किया गया है कि उनमें संतुलन भी रहे तथा एक-दूसरे की सीमा का अतिक्रमण भी न हो. संविधान निर्माताओं ने राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया के सुचारू संचालन करने के लिए ऐसी व्यवस्था की है. यह बहुत संतोषजनक है कि लागू होने से अभी तक संविधान की इस भावना का समुचित अनुपालन हुआ है. लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने संवैधानिक भावना को रेखांकित करते हुए कहा है कि संविधान के इन तीन स्तंभों की अपनी-अपनी सीमाएं हैं और उन्हें अपनी सीमा में और निर्धारित उत्तरदायित्व के अनुरूप कार्य करना चाहिए. उन्होंने यह महत्वपूर्ण बात भी कही है कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका परस्पर पूरक हैं तथा सद्भाव के साथ काम करते हैं. संवैधानिक व्यवस्था के अंतर्गत विधि को प्रस्तावित करने का कार्य मुख्य रूप से विधायिका यानी सरकार का है. विधायिका- संसद, विधानसभा एवं विधान परिषद- के सदस्य भी कानून बनाने का प्रस्ताव सदन में रख सकते हैं.

**समुचित उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता लोकतंत्र के प्रमुख आधार हैं. न्यायालयों ने अनेक बार याचिकाकर्ताओं को यह कहा है कि कानून बनाना उनका नहीं, विधायिका का कार्य है. बीते लगभग साढ़े सात दशकों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की है, वह विधायिका में हुई चर्चाओं और बहसों का ही सुफल हैं.**

सरकार या सदन के ऐसे किसी प्रस्ताव को पारित करने और उसे संशोधित करने का काम विधायिका का है. पारित कानून को लागू करने और उनका पालन कराने का जिम्मा कार्यपालिका का है. कार्यपालिका के कामकाज की समीक्षा और निगरानी का उत्तरदायित्व विधायिका का है. न्यायपालिका को किसी भी कानून को इस आधार पर समीक्षा करने का अधिकार है कि कहीं यह कानून किसी संवैधानिक प्रावधान एवं संविधान की मूल भावना का उल्लंघन तो नहीं करता. लोकसभा के अध्यक्ष ने उचित ही कहा है कि अगर विधायिका सशक्त है, तो कार्यपालिका का उत्तरदायित्व सुनिश्चित कर सकती है और ऐसा होने से पारदर्शिता निश्चित ही आयेगी. समुचित उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता लोकतंत्र के प्रमुख आधार हैं. न्यायालयों ने अनेक बार याचिकाकर्ताओं को यह कहा है कि कानून बनाना उनका नहीं, विधायिका का कार्य है. बीते लगभग साढ़े सात दशकों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की है, वह विधायिका में हुई चर्चाओं और बहसों का ही सुफल हैं.




लोकतंत्र में मतभेद और असहमति स्वाभाविक हैं, पर सत्ता और विपक्ष से यह अपेक्षा की जाती है कि वे स्वस्थ संवाद के माध्यम से एक उचित निष्कर्ष तक पहुंचेंगे. पर यह भी सच है कि संसद और विधानसभाओं में शोर और हंगामा की घटनाएं भी बढ़ी हैं. कुछ मामलों में तो माहौल हिंसक भी हुआ है. सदन के कामकाज में बाधा डालने का चलन भी बढ़ा है. ऐसी प्रवृत्तियों से परहेज किया जाना चाहिए.

# चुनावी तैयारियों में 'इंडिया' गठबंधन की सुस्त चाल

**राज कुमार सिंह**

**'इंडिया' शासित पश्चिम बंगाल, बिहार और तमिलनाडु से क्रमशः 42, 40 और 39 लोकसभा सदस्य चुने जाते हैं, पर यह नजरअंदाज नही किया जा सकता कि लोकसभा की 543 सीटों में से आधी जिन राज्यों में हैं, वहां एनडीए की सरकारें हैं. कई राज्यों में एनडीए को पिछली बार 50 प्रतिशत से भी ज्यादा वोट मिला था. ऐसे में 'इंडिया' की चुनावी तैयारियों की सुस्त चाल उसके घटक दलों की नीति और नीयत दोनों पर ही सवालिया निशान लगाती है, क्योंकि हर सीट पर साझा उम्मीदवार उतारे बिना एनडीए का मुकाबला मुमकिन नही लगता और सीट बंटवारे में हो रहा विलंब उसकी संभावनाओं को क्षीण ही कर रहा है.**

यह सच है कि हर चुनाव अलग होता है, पर वह लड़ना तो पड़ता है. सच यह भी है कि हर चुनाव के लिए अलग रणनीति बनानी पड़ती है. ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए सत्तापक्ष और विपक्ष की चुनावी रणनीति और तैयारियों पर निगाह डालें, तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन एनडीए के विरुद्ध फिलहाल कहीं टिकता नजर नहीं आता. बेशक बैठकें 'इंडिया' की ज्यादा हुई हैं, पर कोई ठोस परिणाम अभी तक नजर नहीं आया. 'इंडिया' गठबंधन में अनबन की चर्चाएं अक्सर चलती रहती हैं, जिनकी सच्चाई का दावा अगर नहीं किया जा सकता, तो बहुत विश्वसनीय खंडन भी नहीं किया जाता. अभी तक 'इंडिया' न तो संयोजक का नाम तय कर पाया है, न ही किसी भी राज्य में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे पाया है. अगर घटक दलों के नेता वर्चुअल मीटिंग तक के लिए समय नहीं निकाल पाते, तब गठबंधन के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे ही. अभी तक सपा और रालोद के बीच उत्तर प्रदेश में सीट बंटवारे का ही विवरण सामने आया है. हालांकि सीटों और उनकी संख्या में कुछ फेरबदल अंतिम समय तक संभव है, लेकिन कम से कम इतनी जानकारी सार्वजनिक हुए बिना सकारात्मक चर्चा और सही दिशा में आगे बढ़ने जैसे राजनीतिक जुमलों का जनता तो दूर, कार्यकर्ताओं पर भी कोई असर नहीं होता.

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने तीन दिसंबर, 2023 को '400 पार' और मोदी सरकार की 'हैट्रिक' का नारा दिया. जमीनी राजनीतिक समीकरणों में वह लक्ष्य आसान नहीं लगता, पर भाजपा उसे हासिल करने की दिशा में जुट अवश्य गयी है. दक्षिण भारत भाजपा की राजनीति की सबसे कमजोर कड़ी है. वहां की 131 लोकसभा सीटों में से 2019 में भाजपा सिर्फ 29 ही जीत पायी थी, यानी कांग्रेस से केवल एक ज्यादा. फिर कांग्रेस ने भाजपा से दक्षिण भारत में उसके एकमात्र दुर्ग कर्नाटक की सत्ता भी छीन ली, जहां से पिछली बार भाजपा 24 लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी. कांग्रेस तेलंगाना में भी सरकार बनाने में सफल हो गयी, जहां भाजपा ने पिछली बार चार सीटें जीती थीं. जाहिर है, पिछले लोकसभा चुनाव में अपने दम पर 303 सीटें जीतनेवाली भाजपा के 400 पार के लक्ष्य की राह में चुनौतियां अपार हैं. फिर भी खुद प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह दक्षिण भारत को मिशन बना कर जुट गये हैं, वह किसी भी दल और नेता के लिए मिसाल है. अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा उत्तर भारत में हुई, पर उससे बने माहौल का लाभ उठाने के लिए ही सही, मोदी ने 11 दिन के विशेष अनुष्ठान के दौरान मंदिर-मंदिर पूजा-अर्चना कर दक्षिण और पश्चिम भारत की भी परिक्रमा कर ली. इस दौरान उन्होंने बड़ी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात भी दी. दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन अभी तक संयोजक और सीटों के बंटवारे पर ही अटका है, साझा न्यूनतम कार्यक्रम और संयुक्त चुनाव प्रचार की रणनीति तो दूर की बात है.

कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का सबसे बड़ा घटक दल है, पर उसके सबसे बड़े नेता राहुल गांधी की प्राथमिकता भारत जोड़ो न्याय यात्रा है. राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे गठबंधन से जुड़े मुद्दों पर अपेक्षित सक्रियता नहीं दिखा रहे. एनडीए और 'इंडिया' की चुनावी तैयारियों का यह अंतर तब और ज्यादा बड़ा नजर आता है, जब आप देखें कि एनडीए की सरकारें 16 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में हैं, जबकि 'इंडिया' की मात्र सात राज्यों में. वैसे सातवें राज्य केरल में वाम मोर्चा की सरकार है और दावे से नहीं कहा जा सकता कि ममता बनर्जी के विरोध के चलते वाम दल 'इंडिया' गठबंधन में रह भी पायेंगे या नहीं. दिल्ली और पंजाब में सरकार वाली आम आदमी पार्टी के साथ भी कांग्रेस के गठबंधन को लेकर अभी तक असमंजस बना हुआ है. बिहार में तो जद(यू), राजद और कांग्रेस का महागठबंधन पुराना है, पर वहां भी सीटों का बंटवारा अभी नहीं हो पाया है. जिस भाजपा को चुनावी टक्कर देने के लिए विपक्ष के 28 दलों ने नया गठबंधन बनाया है, उसकी अकेले 12 राज्यों में सरकार है, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की अपनी सत्ता सिर्फ तीन राज्यों- हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना- तक सिमट गयी है. हिमाचल से मात्र चार लोकसभा सदस्य चुने जाते हैं और पिछले चुनाव में चारों सीटें भाजपा ने जीती थीं. कर्नाटक और तेलंगाना से क्रमशः 28 और 17 लोकसभा सदस्य चुने जाते हैं.

'इंडिया' शासित पश्चिम बंगाल, बिहार और तमिलनाडु से क्रमशः 42, 40 और 39 लोकसभा सदस्य चुने जाते हैं, पर यह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि लोकसभा की 543 सीटों में से आधी जिन राज्यों में हैं, वहां एनडीए की सरकारें हैं. कई राज्यों में एनडीए को पिछली बार 50 प्रतिशत से भी ज्यादा वोट मिला था. ऐसे में 'इंडिया' की चुनावी तैयारियों की सुस्त चाल उसके घटक दलों की नीति और नीयत दोनों पर ही सवालिया निशान लगाती है, क्योंकि हर सीट पर साझा उम्मीदवार उतारे बिना एनडीए का मुकाबला मुमकिन नहीं लगता और सीट बंटवारे में हो रहा विलंब उसकी संभावनाओं को क्षीण ही कर रहा है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**




बिजनेस

# अंतरिम बजट 2024 से पहले मनाई गई हलवा सेरेमनी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 पेश करेंगी. बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करने वाला हलवा समारोह गुरुवार को आयोजित किया गया. जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड मौजूद थे.

नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित हलवा सेरेमनी के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुद अपने हाथों से अधिकारियों और अपने सहयोगियों को हलवा परोसा. मालूम हो बजट तैयारी की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है.

पिछले तीन पूर्ण केन्द्रीय बजटों की तरह, अंतरिम केन्द्रीय बजट 2024 भी पेपरलेस होगा. केंद्रीय बजट मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे. डिजिटल होने से सांसदों और आम जनता को बिना किसी परेशानी के बजट दस्तावेज मिल सकते हैं. अंतरिम बजट दो भाषाओं (अंग्रेजी और हिंदी) में उपलब्ध होंगे. जो एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होंगे. ऐप को केन्द्रीय बजट वेब पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है. बजट दस्तावेज 1 फरवरी, 2024 को संसद में केन्द्रीय वित्त मंत्री का बजट भाषण पूरा होने के बाद मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे. हलवा समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ वित्त और व्यय सचिव डॉ टीवी सोमनाथन, आर्थिक मामलों के सचिव श्री अजय सेठ, दीपम के सचिव श्री तुहिन कांत पांडे, राजस्व, सचिव श्री संजय मल्होत्रा, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष श्री नितिन गुप्ता, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष श्री संजय कुमार अग्रवाल और अपर सचिव (बजट) आशीष वच्छानी के अलावा बजट की तैयारी और संकलन प्रक्रिया में शामिल वित्त मंत्रालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे.



**नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित हलवा सेरेमनी के मौके पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुद अपने हाथों से अधिकारियों और अपने सहयोगियों को हलवा परोसा. मालूम हो बजट तैयारी की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक पारंपरिक हलवा समारोह आयोजित किया जाता है. अंतरिम केन्द्रीय बजट 2024 भी पेपरलेस होगा.**

# अब बिजली बिल से मिलेगी मुक्ति, जानें क्या है प्रधानमंत्री सूयीदय योजना?

**नई दिल्ली:** बिजली बिल से आम लोगों को बहुत जल्द मुक्ति मिलने वाली है? क्योंकि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ऐसी योजना लेकर आने वाली है, जिससे शून्य बिजली बिल आएगी. दरअसल केंद्र सरकार बहुत जल्द प्रधानमंत्री सूर्योदय योजनाकी शुरुआत करने वाली है. जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे.

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूर्योदय योजना की घोषणा की. उन्होंने अपने एक्स पर पोस्ट डाला और बताया, 'सूर्यवंशी भगवान श्री राम के आलोक से विश्व के सभी भक्तगण सदैव ऊर्जा प्राप्त करते हैं. अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मेरा ये संकल्प और प्रशस्त हुआ कि भारतवासियों के घरों की छतों पर उनका अपना सोलर रूफ टॉप सिस्टम हो'. 'अयोध्या से लौटने के बाद मैंने पहला निर्णय लिया है कि हमारी सरकार एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना प्रारंभ करेगी'. प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, साथ ही भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा.

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का उद्देश्य सौर पैनल के माध्यम से निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को बिजली प्रदान करना है. साथ ही इसका लक्ष्य अतिरिक्त बिजली उत्पादन से अतिरिक्त आय का स्रोत भी उपलब्ध कराना है. योजना शुरू होने से लोगों को बिजली की समस्या और बिल से बड़ी राहत मिलेगी. प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना को पीएम मोदी का एक और जुमला करार दिया. उन्होंने एक्स पर पोस्ट डाला और लिखा, प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की. जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है. इससे पहले मोदी सरकार ने 2022 तक 40 गीगावॉट के पैनल की सौर क्षमता स्थापित करने का झूठा वादा किया था.




# हिडनबर्ग रिपोर्ट के झटके से कितना उबरा अदाणी समूह

**नई दिल्ली** हिंडनबर्ग रिसर्च की साल भर पहले आई प्रतिकूल रिपोर्ट में लगाए गए कई आरोपों से अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट आ गई थी लेकिन समय बीतने के साथ अदाणी समूह काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा है.

अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में अदाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे. हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था. लेकिन हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों की वजह से समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने लगी थी. निवेशकों का भरोसा कम होने से समूह के सम्मिलित बाजार मूल्यांकन में एक समय लगभग 150 अरब डॉलर तक की गिरावट आ गई थी. इस दौरान अदाणी समूह के मुखिया गौतम अदाणी की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में स्थान भी काफी नीचे चला गया था. वह रिपोर्ट आने से पहले अदाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति थे. इसके अलावा हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आधार पर नियामकीय जांच का दौर भी शुरू हो गया था. ऐसे प्रतिकूल माहौल में भी अदाणी अपने समूह को पटरी पर लाने में एक हद तक सफल रहे हैं. समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में से कुछ अपने घाटे की भरपाई करने में सफल रही हैं. शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, अदाणी समूह का इस समय कुल बाजार पूंजीकरण करीब 14.52 लाख करोड़ रुपये है. हालांकि, यह हिंडनबर्ग रिपोर्ट से पहले के 19.23 लाख करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड से अब भी करीब 24 प्रतिशत कम है. समूह को बाजार में अपना प्रदर्शन सुधारने में कारोबारी रणनीतियों के अलावा उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों से भी मदद मिली है. शीर्ष अदालत ने कहा था कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को 'भरोसेमंद' नहीं माना जा सकता है और न ही मीडिया रिपोर्टों को 'अंतिम सत्य' माना जाना चाहिए. हिंडनबर्ग रिसर्च चुनिंदा शेयरों पर दांव लगाने और अपनी शोध रिपोर्ट जारी होने के बाद उसकी कीमत गिरने पर शॉर्ट सेलिंग से लाभ कमाने की की रणनीति अपनाती रही है. अदाणी समूह से पहले वह कई कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट लाने में सफल भी रही थी. हिंडनबर्ग ने ट्विटर के खिलाफ भी रिपोर्ट जारी की थी. हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने पर्याप्त कर्ज ले लिया है, जिसमें ऋण के लिए अपने बढ़े हुए स्टॉक के शेयरों को गिरवी रखना भी शामिल है.

इसने पूरे समूह को अनिश्चित वित्तीय स्थिति में डाल दिया है. हालांकि, उस रिपोर्ट के एक साल बाद अदाणी समूह अपने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और परिचालन के साथ निवेशकों का भरोसा वापस पाने में सफल रहा है. चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में समूह की कंपनियों का कर-पूर्व लाभ 47 प्रतिशत उछलकर 43,688 करोड़ रुपये हो गया. अदाणी समूह ने अगले दशक में अपने बुनियादी ढांचे के कारोबार विस्तार के लिए सात लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है.



# घर बैठे शुरू करें ये बिजनेस, कम लागत में होगी छप्पड़ फाड़ कमाई

अगर आपको पढ़ने-पढ़ाने में दिलचस्पी है तो आप अपने घर से कोचिंग क्लास का बेहतरीन काम शुरू कर सकते हैं. इसके लिए आपको केवल एक कमरा, कुछ कुर्सियां, एक बोर्ड, मार्कर और डस्टर की आवश्यकता होगी. आप अपने स्कील के हिसाब से बच्चों से लेकर प्रोफेशनल कोर्स तक का ट्यूशन शुरू कर सकते हैं.

ऑनलाइन शिक्षा की मांग ने उद्यमियों के लिए संभावनाएं खोल दी हैं. चूंकि यह एक ऑनलाइन उद्यम है, आप किसी भी विषय को चुन सकते हैं जिसके बारे में आप जानते हैं और स्थान की परवाह किए बिना पाठ्यक्रम पढ़ा सकते हैं. यदि आपके पास किसी विशेष विषय में उन्नत ज्ञान नहीं है, तो विदेशी छात्रों को ऑनलाइन देशी भाषा के रूप में हिंदी सिखाने पर विचार कर सकते हैं. यदि आप किसी विशिष्ट विषय जैसे व्यवसाय, सोशल मीडिया, मार्केटिंग, मानव संसाधन, नेतृत्व या संचार के बारे में जानकार और अनुभवी हैं, तो ये काम आपके लिए एक आकर्षक विकल्प हो सकता है. आप स्वयं एक परामर्श व्यवसाय शुरू कर सकते हैं, फिर अपना व्यवसाय बढ़ा सकते हैं और समय के साथ अन्य सलाहकारों को नियुक्त कर सकते हैं. यदि आपके पास एक विश्वसनीय वाहन और अच्छा समय प्रबंधन कौशल है, तो अपनी खुद की कूरियर सेवा शुरू कर सकते हैं.




सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार
TitleCode: UPHIN51223
मोबाइल नंबर
9456884327
Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com
नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम बनने वाली कु.निधि को किया सम्मानित

**अमरोहा :** हसनपुर के पूर्व उप जिला अधिकारी गंभीर सिंह पीसीएस की प्रेरणा से छात्रों/ छात्राओं को शिक्षा एवं खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित व प्रेरित करने वाली संस्था नया विचार नई ऊर्जा फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने नया गांव तरौली पहुंचकर पीसीएस 2023 के घोषित परिणामों में 39वीं रैंक प्राप्त कर एसडीएम बनने का गौरव प्राप्त करने वाली ग्राम नया गांव तरौली निवासी कुमारी निधि का फूल माला पहनाकर व मिठाइ खिलाकर स्वागत किया और सम्मानित किया।



प्रतिनिधि मंडल में फाउंडेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुजाहिद चौधरी एडवोकेट,प्रांतीय सचिव ब्रह्मदत्त त्यागी,प्रांतीय संयोजक इरकान अली तथा जिला सांस्कृतिक व खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी सोनू कपासिया शामिल रहे रहे। उन्होंने कुमारी निधि के माता–पिता को भी सम्मानित किया और उनको भी फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और बधाई दीं। इस अवसर पर बिहारी सिंह कन्या इंटर कॉलेज के शिक्षक श्री श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, सुन्दर पाल सिंह तथा दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# मन लगाकर ईमानदारी के साथ मेहनत करें : जिलाधिकारी

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के कलक्ट्रेट परिसर में चल रहे तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस 24 से 26 जनवरी के कार्यक्रम के अवसर पर शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों जी जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी जी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता निबन्ध प्रतोयोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जी व विधायक जी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा कन्या सुमङ्गला योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप और बैग वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे जिस



क्षेत्र में अपना भविष्य उज्जवल करना चाहते हैं मन लगाकर ईमानदारी के साथ मेहनत करें अवश्य ही आप सफल होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग आने वाले निर्वाचनों में अपने मत का प्रयोग अवश्य करें लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक है मतदान आप किसी के भी भय और दबाव पर नहीं करना है आपको स्वतंत्र निष्पक्ष और पारदर्शी भाई मुक्त होकर मतदान करना है और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। शिक्षक विधायक श्रीहरि सिंह ढिल्लो जी ने कहा कि देश लगातार प्रगति कर रहा है सरकार द्वारा भी सभी वर्गों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चला रखी हैं सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हो कार्य कर रही है। आज देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और प्रत्येक वर्ग को बिना भेदभाव के सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्विनी कुमार मिश्र जी उपनिदेशक कृषि जिला कृषि अधिकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला महिला कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी विभिन्न विद्यालयों से आये हुए अध्यापक प्रधानाचार्य तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बजाज अमरोहा इंडियंस गर्ल्स ने किया 2-1से सीरीज पर कब्जा

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के कस्बा जया में स्थित द आर्यांस स्कूल में आज तीसरा मैच खेला गया जो की बजाज अमरोहा इंडियन्स गर्ल्स और गॉड ब्लेश जोया गर्ल्स के बीच खेला गया। जिसमे गॉड ब्लैस जोया की रोमांचक जीत हुई। बजाज अमरोहा गर्ल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 27.4 ओवरों मे सभी विकेट खोकर 108 रन का लक्ष्य दिया। इनकी तरफ से शुभ चौधरी ने सर्वधिक 30 और उड़ीसा ने 16 रन बनाए और गॉड ब्लैस जोया गर्ल्स की तरफ से लवी पाल ने शानदार बॉलिंग करते हुए 5 ओवरों में 13 रन देकर 5 विकेट और ऋषिका यादव ने 4विकेट लिए।



















































